Regarding completion of work on Badampahar-Keonjhar Railway Link Project-laid

श्री अनन्त नायक (क्योंझर) **:** मैं सरकार का ध्यान ओडिशा में क्योंझर बादामपहाड़ रेलवे लिंक परियोजना के संबंध में आकर्षित करना चाहता हूं । बादामपहाड़ और क्योंझर के बीच रेलवे लाइन बिछाने की आधारशिला महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा रखी गई । लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि इस लाइन पर अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है । ओडिशा में बादामपहाड़ हेमेटाइट अयस्क की खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध है । खनिज संपदा के अलावा, बादामपहाड़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी बहुत लोकप्रिय है और इसमें पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं । दोनों क्षेत्रों के बीच विशेष रूप से आदिवासी लोगों के बीच एक मजबूत सांस्कृतिक संबंध है । महोदय, दुर्भाग्य से इस क्षेत्र से क्योंझर को जोड़ने वाली कोई रेलवे लाइन नहीं है और घोषित रेलवे लाइन पर काम की गति बहुत धीमी है । दो क्षेत्रों के बीच रेल कनेक्टिविटी न केवल खनिज संसाधनों के परिवहन और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे, क्षेत्र में मजबूत सांस्कृतिक बंधन और पर्यटन विकास होगा । इसलिए मैं माननीय रेल मंत्री से विनम्र अनुरोध करता हूं कि क्योंझर को बादामपहाड़ से जोड़ने वाली रेलवे लाइन का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाए ।